जागरण

# नकली बीड़ी बरामद, एक दबोचा

- **हिंदी न्यूज़**
- उत्तर प्रदेश
- मुजफ्फरनगर

Publish Date:Tue, 30 Jun 2020 06:03 AM (IST)




कस्बे में नामी कंपनी के लेबल लगाकर नकली बीड़ी के कारोबार का सोमवार को पुलिस और बीड़ी कंपनी के लोगों ने भंडाफोड़ किया है।

मुजफ्फरनगर, जेएनएन। कस्बे में नामी कंपनी के लेबल लगाकर नकली बीड़ी के कारोबार का सोमवार को पुलिस और बीड़ी कंपनी के लोगों ने भंडाफोड़ किया है। नामी कंपनी के लेबल लगे बीड़ी के लगभग 172 पुड़े बरामद किए हैं। नकली बीड़ी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। नामी कंपनी के रैपर लगी नकली बीड़ी सप्लाई किए जाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई।

टाइझन बीड़ी के अशोक भाई व मैनेजर वैकुंड भाई, 502 बीड़ी के मनीष तायल, राहुल और कल्पना बीड़ी के संजय कुमार व विशाल ने बताया कि कस्बे में उनकी कंपनी के लेबल लगाकर नकली बीड़ी बाजार में सप्लाई किए जाने की जानकारी मिल रही थी। मामले से पुलिस को सूचित किया गया। सोमवार को पमनावली चौकी इंचार्ज नरेश भाटी ने कंपनी के लोगों के साथ जानसठ रोड से एक व्यक्ति को नकली बीड़ी के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से टाइझान बीड़ी के 18, 502 बीड़ी 64 और कल्पना बीड़ी के 90 पुड़े बरामद हुए। आरोपित ने अपना नाम वजीर पुत्र रईसखान निवासी बालकराम बताया। बताया कि लंबे समय से नामी कंपनी के रैफर लगाकर नकली बीड़ी की सप्लाई की जा रही थी। बताया कि नकली बीड़ी का काफी माल कुछ काउंटरों और देहात क्षेत्र में भी बेचा जा रहा था। कोरोना संक्रमण के चलते लॉक डाउन लागू होने पर प्रदेश सरकार ने बीड़ी व गुटका पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस दौरान बड़ी मात्रा में नकली बीड़ी का कारोबार चला। उसमें नकली बीड़ी बेचने वालों की चांदी कटी। एक बीड़ी के बंडल की करीब 40 रुपये तक बिक्री हुई। आरोपित वजीर के विरुद्ध नामी कंपनी के लेबल लगाकर बीड़ी बेचने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/muzaffarnagar-one-arrested-in-fraud-20453792.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/muzaffarnagar-one-arrested-in-fraud-20453792.html)